तरह उठाएँ कि हाथों की हथेलियाँ ओर उंगलियाँ खुली हुई हों । रुख किब्ला की जानिब और अंगोठा कानों की लव के मुकाबिल हो । (तालीमुल इसलाम) हिस्सा सुव्वम फ़िर अल्लाहु अकबर कह कर दोनों हाथ नाफ़ के नीचे बांध लो । सीधे हाथ की हथेली बाएँ हाथ की हथेली की पुश्त पर रहे और अंगोठा और करुंगली से हलक़े के तौर पर गट्टे को पकडलो और बाकी 3 उंगलियाँ कलाई पर हों और नज़र सजदे की जगह पर हो। हाथ बांध कर आहिस्ता आहिस्ता सना पढे। फिर तऊज़, तसमिया पढ कर सुरए फ़ातिहा पढो जब सुरए फ़ातेहा खत्म करलो तो आहिस्ता से आमीन कहें । उस के बाद आप को जो भी सुरत याद हो उस की तिलावत साफ़ साफ़ और सही सही करें जल्दी न करें उसके बाद अल्लाहु अकबर बोलकर रुकूअ में चले जाएँ(तालीमुलइसलाम)

रुकुअ सजदा अच्छा हो

उंगलियाँ खोल कर घुटनो को पकडलो और पैर सीधा रखते हुए सर,पैर और कमर तीनों को बराबर एक ही सीध में रखें अगर पानी का प्याला आप की पीठ पर रखा जाए तो गिरे नही.हाथ पसलियों से अलग बिलकुल सिधा रखें,खम (कमान) न पडे और नज़र दोनों पैरों के दरमियान रहे अब इतमिनान से रुकुअ की तसबीह ३ मरतबा या ५ या फीर ७ मरतबा पढें फिर तसमिअ कहते हुए सीधे,खडे हो जाए.इस खडे होने की हालत को कवमा कहते है.

कवमा अच्छा हो

कवमा में हाथ छोडकर सीधे खडे हो जाएँ कमर झुकी हुई न हो नज़रें सजदे की जगह पर रहें.

अब पढ़िये । रब्बाना लकलहम्द

नोट = बाज़ लोग रुकूअ से उठने का ज़रा सा इशारा करके फ़ौरन सजदे में चले जाते हैं जिस की वजह से कवमा तर्क हो गया या अच्छी तरह अदा न हुवा इस वजह से नमाज़ बिलकुल न हुई क्युँ कि कवमा वाजिब है जो छूट गया ।

सजदा अच्छा हो

सजदे में जाते हुए पहले घुटना जमीन पर रक्खें फिर दोनों हाथ, फिर नाक और फिर पेशानी, हाथ के दोनों अंगोठों के सिरे कान की लव के मुकाबिल आ जाएँ और उंगलियाँ सब मिली हुई हों और तमाम उंगलियाँ भी किबला रुख हों । कोहनियाँ जमीन से ऊँची हों दोनों बाज़ू पहलू से जुदा रहें । पेट रानों से जुदा हो, नज़र नाक पर हो और दोनों पैरों की उंगलियाँ जमीन पर

टिकी रहें । जमीन से पैर का पंजा ऊपर न उठाएँ अब इतमिनान से सजदे की तसबीह ३ या ५ या ७ बार पढें । और अल्लाहु अकबर कहते हुए सजदे से उठकर बैठ जाएँ इस बैठने की हालत को जलसा कहते हैं ।

जलसा अच्छा हो

जलसे में बाएँ पैर के पंजे पर बैठें और सीधे पैर के पंजे को खडा करदें और दोनों हाथों को रानों पर रखें और नज़र अपनी गोद में रक्खें और इतनी देर तक बैठे कि एक मर्तबा इतमिनान से सुब्हानल्लाह कह सकें ।

नोट : बाज़ लोगों की यह आदत है कि एक सजदा करके मुकम्मल तौर से बैठने भी नहीं पाते कि वह फ़ौरन दुसरे सजदे में चले जाते हैं. जिस की वजह से जलसा छूट गया या फिर

अच्छी तरह अदा न हुवा इस वजह से नमाज़ नहीं हुअ असलिए कि जलसे का अदा करना वाजिब है। अल्लाहु अकबर कहते हुए दूसरा सजदा उसी तरह करें कि पहले दोनों हाथ जमीन पर रखें फिर नाक, फिर पेशानी । इसी तरह सजदे से उठते वक्त पहले पेशानी उठाएँ फिर नाक, अगर कोई उज़्र न हो तो उठते वक्त जमीन का सहारा बिलकुल न लें । इस तरह एक रकअत पूरी हुई। इसी तर्तीब व तर्कीब से दूसरी रकअत भी पूरी करें । दूसरी रकअत में तऊज़ न पढे सिर्फ तसमिया पढकर अलहम्दु और कोई भी सूरत पढकर रुकूअ और दोनों सजदे करके उठकर दो ज़ानू क़ायदा में बैठ जाएँ ।

कायदा अच्छा हो

कायदा में बैठने का तरीक़ा इसी तरह है जिस

तरह जलसा में बैठने का बताया गया है । अब इतमिनान से अत्तहियात , दुरूद शरीफ़ और दुआए मासूरा पढें । अत्तहियात में अशहदु अल्ला इलाहा
पर पहुँचें तो शहादत की उंगली ऊपर उठाएँ और इल्लल्लाह पर नीचे कर दें ।
कायदा में पढने वाली तमाम चीज़ें पढकर पहले सीधी तरफ़ फिर बाएँ तरफ़ सलाम फेरें और नज़र कंधे पर रक्खें । इस तरह आप की नमाज़ मुकम्मल हुई ।

नमाज़ के फ़राएज़

नमाज़ में कुल १४ फ़राएज़ हैं . ७ बाहेर के और ७ अन्दर के , ७ बाहेर के फ़राएज़ को शराएते नमाज़ कहते हैं और ७ अन्दर के फ़राएज़ को अरकाने नमाज़ कहते हैं । बाहर के ७ फ़राएज़

दर्जे ज़ैल हैं ।

(१) बदन का पाक होना (२) कपडों का पाक होना (३) जगह का पाक होना (४) सतर का छुपाना (५) वक्त का मालूम होना (६) क़िबला की तरफ़ मुंह करना (७) निय्यत करना

सात अन्दर के फ़राएज़ : (१) तक्बीरे तहरीमा यानी अल्लाहु अकबर कहना (२) कयाम यानी खडे होना (३) कुरआने शरीफ़ की तिलावत करना यानी एक बडी आयत या ३ छोटी आयतों का पढना (४ रुकूअ करना (५) हर रकअत में दो सजदे करना (६) अत्तहिय्यात की मिक़दार कायदए अखीरा में बैठना (७ अपने इरादे से सलाम फेरना।

नोट : अगर इन में से एक भी भूल से छूट.जाए तो नमाज़ नहीं होगी ।

नोट : हिंदी में अरबी अलफाज़ का सही तलफ्फुज़ अदा नही होता.इसलिए अरबी सिखें

नमाज़ के वाजिबात

नमाज़ के १४ (चौदा) वाजिबात हैं।

(१) सूरए फ़ातेहा पढना (२) सूरए फ़ातेहा को सुरत मिलाने से पहले पढना (३) फ़र्ज नमाज़ों की पहली २ रकअतों में और बाक़ी सब नमाज़ों में अलहम्द के साथ सुरत का मिलाना (४) तमाम अरकान में तर्तीब कायम रखना (५) कवमा करना (६) जलसा करना (७) तअदीले अरकान करना (८) कायदए ऊला करना (९) दोनों कायदों में अत्तहिय्यात पढना (१०) वित्र की नमाज़ में दआए कुनूत का पढना (११) इमाम का फ़ज्र, मग़रिब व इशा और ज़ुमआ व ईदैन में बुलंद आवाज़ से तिलावत करना और ज़ोहर व अस्र आहिस्ता आवाज़ से तिलावत करना (१२) लफ़्ज़ सलाम से नमाज़ ख़त्म करना (१३) दोनों ईद की नमाज़ों में छः ज़ाएद तकबीरें कहना (१४) तमाम अरकान

पय दर पय अदा करना ।

नोट: इन में से कोई एक वाजिब या कई वाजिब छूट जाए तो याद आने पर सजदए सहू करने से नमाज़ दुरुस्त हो जाएगी और सजदए सहू न किया तो नमाज़ दोहराना (दोबारा पढना) होगी। (मौलाना आशिक अली)

तरीक़ा सजदए सहू का

आखरी कायदे मे सिर्फ़ अत्तहिय्यात पढ कर सीधी जानिब एक सलाम फेरदे और फिर अल्लाहु अकबर कहते हुए सजदे मे चला जाए सजदे में तसबीह पढकर अल्लाहु अकबर कहते हुए उठे और इसी तरह दूसरा सजदा करके कायदे में बैठे और फिर से अत्तहिय्यात पढे फिर दुरुद शरीफ़,दुआए मासूरा पढकर दोनों तरफ़ सलाम फेरदे ।

नमाज़ की सुन्नतें

अब नमाज़ की सुन्नतों में मालूम होगा कौन सी हरकत सुन्नत है और क्या क्या पडना सुन्नत है ध्यान दीजिए पहले कयाम की सुन्नतें (11) हैं. (1) तकबीरे तहरीमा के वक्त सीधा खडा होना , सर को न झुकाना (2) दोनों पैरों के दरमियान चार ऊंगलियों का फ़ासला होना और पैरों की उंगलियाँ क़िबला की तरफ़ होना (3) मुक्तदी की तकबीरे तहरीमा के वक्त दोनों हाथ कानों तक उठाना (5) हथेलियों को क़िबला की तरफ़ रखना (6) उंगलियों को अपनी हालत पर रखना यानी न जियादा खुली हुई और न जियादा मिली हुई रखना (7) दाएँ हाथ की हथेली बाएँ हाथ की हथेली की पुश्त पर रखना (8) छुंगली और अंगोठे से हलक़ा बनाकर गट्टे को पकडना (9)

दरमियानी तीन उंगलियों को बाएँ हाथ की कलाई पर रखना (१०) नाफ़ के नीचे हाथ बांधना (११) सना पढना ।

तिलावत की ७ (सात) सुन्नतें

(१) अऊज़ुबिल्लाह पढ़ना (२) बिस्मिल्लाह पढ़ना (३) आहिस्ता से आमीन कहना (४) फज्र और ज़ोहर में तिवाल मुफ़स्सल यानी सुरे हुजरात से सूरए बुरुज तक कोई सुरत पढ़ना और मगरिब में क़िसार मुफ़स्सल यानी सुरए इज़ाज़ुलज़िलतिल अर्ज़ु से सुरए नास तक की कोई भी सूरतें पढ़ना (५) फ़ज्र की पहली रकअत को लंबी पढ़ना (६) न जियादा जल्दी पढ़ना और न जियादा ठहर कर पढ़ना बलके दरमियानी रफ्तार से पढ़ना (७) फ़र्ज़ की तीसरी और चौथी रकअत में सिर्फ़ सुरए फ़ातेहा पढ़ना ।

रुकूअ की ८ (आठ) सुन्नतें

(१) रुकूअ की तकबीर कहना (२) रुकूअ में दोनों हाथें से घुटनों को पकडना (३) घुटनों को पकडने में उंगलियाँ कुशादा रखना (४) पिंडलियों को सीधा रखना (५) पीठ बिछा देना (६) सर और सुरीन को बराबर रखना यानी सर और कमर दोनों बराबर हमवार रहें (७) रुकूअ में कम अज़ कम तीन बार तसबीह पढना (८) रुकूअ से उठते वक्त में इमाम को समिअल्लाहुलिमन हमिदा और मुक्तदी को रब्बना लकल हम्द कहना और अगर आप अकेले पढ रहे हों तो दोनों कहना (एक मिनिट का मदरसा)

सजदे की १२ (बारा) सुन्नतें

(१) सजदे की तकबीर कहना (२) सजदे में पहले

दोनों घुटनों को रखना (३) फिर दोनों हाथों को रखना (४) फिर नाक रखना (५) फिर पेशानी रखना (६) दोनों हाथों के दरमियान सजदा करना (७) सजदे में पेट को रानों से अलग रखना (८) पहलूओं को बाज़ूओं से अलग रखना (९) कोहनियों को ज़मीन से उँचा रखना (१०) सजदे में कम से कम तीन मर्तबा तसबीह पढना (११) सजदे से उठने की तकबीर कहना (१२) सजदे से उठते हुए पहले पेशानी फिर नाक फिर हाथों को फिर घुटनों को उठाना । (एक मिनिट का मदरसा)

क़ायदे की १३ (तेरा) सुन्नतें

(१) सीधे पैर को खडा रखना और उलटे पैर को बिछाकर उस पर बैठना और सीधे पैर की उंगलियों को क़िबला की तरफ़ रखना (२) अत्तहियात में अशहदुअल्लाइलाहा पर शहादत की उंगली उठाना

और इल्लल्लाह पर झुका देना (३) दोनों हाथों को रानों पर रखना (४) कायदए अखीर में दुरूद शरीफ़ पढना (५) दुरूद शरीफ़ के बाद दुआए मासूरा वगैरा पढना (६) दोनों तरफ़सलाम फेरना (७) सलाम की इबतिदा सीधे तरफ़ से करना (८) इमाम सलाम फेरते वक्त निय्यत करले मुक्तदियों की फरिश्तों की और नेक जिन्नातों की (९) मुक्तदी सलाम करे इमाम को फरिश्तों और सॉलेह जिन्नात और दाएँ बाएँ मुक्तदियों की निय्यत करना (१०) अकेले नमाज़ पढने में सिर्फ फ़रिश्तों की निय्यत करना (११) मुक्तदी का इमाम के साथ सलाम फेरना (१२) दूसरे सलाम की आवाज़ को पहले सलाम की आवाज से पस्त करना (१३) जिस की रकअत छूट गई हो इमाम के फ़ारिग़ होने का इन्तेज़ार करना।

नोट : तफ़सीली मालूमात के लिए मसाएले नमाज़

मौलाना रफ़अत क़ासमी साहब की बिस्मिल्लाह बुकडिपो,जलगांव खां. से हासिल करें ।

फायदा : सुन्नतों के छूट जाने से न नमाज़ फ़ासिद होती है और न सजदए सहू वाजिब होता है । लेकिन क़सदन किसी सुन्नत को छोड देना मलामत का मुसतहक़ होता है और सवाब में भी कमी आजाती है, नमाज़ की मुकम्मल सुन्नतों के अलावा जो जो हरकत है या जो कुछ पढना है उस में से बाज़ वाजिब हैं बाज़ फ़र्ज हैं यह सुन्नतें बहवाला (मौलाना अब्रारुलहक़ हरदोई , एक मिनट का मदरसा दूसरी किताब तोहफ़तुलबनात मौलाना जलील अहमद आलमगीर क़ासमी)

मकरुहाते नमाज़

नमाज़ में २८ (अठ्ठाईस) बातें मकरुह हैं ।

(१) सदल यानी कपडे लटकाना यानी चादर सर

पर डाल कर उस के दोनों किनारे लटकादेना। (२) कपडों को मिट्टी से बचाने के लिए हाथ रोकना या समेटना (३) अपने कपडों या बदन से खेलना (४) मामूली कपडों में जिन्हें पहन कर मजमअ में जाना पसेद नहीं किया जाता है उन कपडों में नमाज़ पढना (५) मुंह में रुपिया या पैसा या और कोई चीज़ रखकर नमाज़ पढना (६) सुसती और लापरवाही की वजह से नंगे सर नमाज़ पढना (७) पाखाना या पेशाब की हाजत होने की हालत में नमाज़ पढना (८) बालों को सर पर जमा करके चुट्टा बांधना (९) कंकरियों को हटाना लेकिन अगर सजदा करना मुश्किल हो तो एक मर्तबा हटाने में मुज़ाएक़ा नहीं (१०) उंगलियाँ चटखाना या एक हाथ की उंगलियाँ दूसरे हाथ की उंगलियों में डालना (११) कमर या कूल्हे पर हाथ रखना (१२) किबला की तरफ़ से

मुंह फेरकर या सिर्फ़ निगाह से इधर उधर देखना (१३) कुत्ते की तरह बैठना यानी रानें खडी करके बैठना और रानों को पेट से और घुटनों को सीने से मिला लेना और हाथों को ज़मीन पर रख लेना (१४) सजदे में कलाइयाँ कोहनियों को ज़मीन पर टेकना मर्द के लिए मकरुह है (१५) किसी ऐसे आदमी की तरफ़ नमाज़ पढनाजो नमाज़ी की तरफ़ मुंह करके बैठा हो (१६) हाथ या सर के इशारे से सलाम का जवाब देना (१७) बिला उज़्र चार ज़ानू आलती पालती मारकर बैठना (१८) कसदन जमाई लेना या रोक सकने की हालत में न रोकना (१९) आँखों को बंद करलेना,लेकिन अगर नमाज़ में दिल लगाने के लिए बंद करें तो मकरुह नहीं (२०) इमाम का महराब के अंदर खडे होना लेकिन अगर क़दम महराब से बाहर हों तो मकरुह नहीं .

(२१) अकेले इमाम का एक हाथ उँची जगह पर खडा होना और अगर उस के साथ कुछ मुक्तदी

भी हों तो मकरुह नहीं है (२२) ऐसी सफ़ के पीछे अकेले खडे होना जिस में जगह खाली हो (२३) किसी जानदार की तसवीर के कपडों में नमाज़ पढना (२४) ऐसी जगह नमाज़ पढना कि नमाज़ी के सर के उपर या उसके सामने या दाएँ बाएँ कोई जानदार की तसवीर हो (२५) कोई दुआ वगैरा उंगलियों पर शुमार करना (२६) चादर या और कोई कपडा इस तरह लपेट कर नमाज़ पढना कि जल्दी से हाथ न निकल सके (२७) नमाज़ में अंगडाई लेना (२८) अमामा के पेच पर सजदा करना । (बहवाला तालीमुलइसलाम)

ख़ुज़ूअ व ख़शूअ

कुरआने करीम में जहाँ जहाँ अक़ामिस्सलॉत और युक़ीमुनस्सलॉत आया हे कि नमाज़ का क़ायम करना हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास

(रजि) फ़रमाते हैं कि नमाज़ कायम करने से मुराद यह है कि उस के रुकूअ और सजदा को अच्छी तरह से अदा करना , हमातन मुतवज्जह रहे , ख़ुशुअ के साथ पढे , हज़रत क़तादा (रजि) से भी यही नक़ल किया गया है कि नमाज़ का क़ायम करना और उसके अवक़ात की हिफ़ाज़त करना और वुज़ू का रुकूअ और सजदे का अच्छी तरह अदा करना । हदीसे नबी अक्रम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का इरशाद है कि बदतरीन चोरी करने वाला वह शख्स है जो नमाज़ में भी चोरी करले । सहाबा (रजि) ने अर्ज किया या रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम नमाज़ में किस तरह चोरी करेगा । आप ने इरशाद फ़रमाया कि नमाज़ में रुकूअ और सजदा अच्छी तरह से न करना नमाज़ की चोरी है । हक़ तआला शानहू उस नमाज़ की तरफ़ तवज्जोह

ही नहीं फरमाते जिस में रुकूअ और सजदा अच्छी तरह से न किया जाए। हुज़ूरे अक़्दस सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का इरशाद है कि आदमी ६० बरस तक नमाज़ पढते रहता है मगर एक नमाज़ भी कुबूल नहीं होती कि कभी रुकूअ अच्छी तरह नहीं करता तो कभी सजदा पूरा नहीं करता । हज़रत मुजद्दिद अल्फ़ सानी नव्वरल्लाहु मरक़दुहू ने फ़रमाया है कि सजदे में हाथों की उंगलियों को मिलाने का रुकूअ में उंगलियों को अलाहिदा अलाहिदा करने का भी एहतिमाम ज़रूरी है ।शरीअत ने उंगलियों को मिलाने और खोलने का हुक्म भी बेफायदा नहीं फ़रमाया ।(फ़ज़ाएले आअमाल)

नज़र कब और कहाँ

नमाज़ में खडे होने की हालत में सजदे की

जगह निगाह जमाना और रुकूअ की हालत में पैरों पर निगाह रखना और सजदे में नाक पर निगाह रखना और बैठने की हालत में गोद में रखना यह सब चीज़ें नमाज़ में ख़ुशूअ पैदा करती हैं इस से नमाज़ में दिलजमई नसीब होती है, जब ऐसे मामूली आदाब व सुन्नतों की रिआयत तुम खुद ही समझ लो कि किस कद्र फायदा बख्श होंगे।

नमाज़ों के नाम व रकअतें

तमाम मसलमान मर्द और औरतों पर दिन रात में पाँच वक्त की नमाज़ पढना फ़र्ज़ है। (१) नमाज़े फज्र (२) नमाज़े ज़ोहर (३) नमाज़े अस्र (४) नमाज़े मग़रिब (५) नमाज़े इशा। फ़ज्र की नमाज़ चार रकअत है, २ रकअत सुन्नत २ रकअत फ़र्ज। जोहर की नमाज़ १२ रकअत है, ४ रकअत

सुन्नत , ४ रकअत फ़र्ज., २ रकअत सुन्नत और २ रकअत नफ़िल । अस्र की नमाज़ ८ रकअत है , ४ रकअत सुन्नत,४ रकअत फ़र्ज़ । मग़रिब की नमाज़ ७ रकअत है, ३ रकअत फ़र्ज़, २ रकअत सुन्नत, २ रकअत नफ़िल । इशा की नमाज़ १७ रकअत है, ४ रकअत सुन्नत, ४ रकअत फ़र्ज़, २ रकअत सुन्नत, २ रकअत नफ़िल, ३ रकअत वित्र, २ रकअत नफ़िल । जुमआ की नमाज़ १४ रकअत है, ४ रकअत सुन्नत, २ रकअत फ़र्ज़, ४ रकअत सुन्नत, २ रकअत सुन्नत और २ रकअत नफ़िल ।

नमाज़ की ज़ाहिरी शक्ल और उनके मतालिब

तकबीरे तहरीमा	अल्लाहुअकबर कहना
क़याम	खडे होना
रुकूअ	घुटनेपर हाथ रखकर झुकना

क़वमा — रुकूअ से सीधा खडा होना
सजदा — ज़मीन पर माथा टेकना
जलसा — दो सजदों के बीच बैठना
सलाम फेरना — दाएँ बाएँ गर्दन घुमाना
दुआ — दोनों हाथ खुदा के सामने फैलाना

किसको क्या कहते हैं ?

सुब्हाना कल्लाहुम्मा को सना कहते हैं।
अलहम्दु की सूरत को सुरए फातेहा कहते हैं।
कुलहुवल्लाह की सुरत को सुरए इखलास
सुब्हाना रब्बियल अज़ीम को रुकूअ की तसबीह
समिअल्लाहुलिमनहमिदा को तसमीअ कहतेहैं ।
रब्बनालकलहम्द को तहमीद कहते हैं।
सुब्हाना रब्बियलआला को सजदे की तसबीह
अत्तहियात को तशह्हुद कहते हैं
अल्लाहुम्मा सल्लीअला को दुरुद शरीफ़

अल्लाहुम्मा इन्नी ज़लम्तु को दुआए मासूरा
अल्लाहुम्मा इन्ना नसतईनुका को दुआए कुनूत

सजदए तिलावत

सजदए तिलावत से बहुत से मर्द व औरतें ग़ाफ़िल हैं , याद रखिए सजदे की आयत पढने या सुन्ने से सजदए तिलावत वाजिब हो जाता है चाहे मर्द हो या औरत । हन्फ़ी मसलक के एअतबार से पूरे कुरआने शरीफ़ में कूल १४ (चौदा) सजदे हैं और हर जगह सजदे की निशानदेही ही गई है। कुरआने शरीफ़ खोल कर देख लीजिए ।

मसअला : एक ही जगह बैठ कर एक ही सजदा की आयत बार बार कई दफ़अ पढी गई या सुनी गई तो सिर्फ़ एक ही सजदा करना वाजिब होगा और अगर जगह बदल गई और फिर उसी सजदे वाली आयत को पढे तो दोबारा सजदा करना

वाजिब है और एक ही जगह बैठ कर मुख़तलिफ़ सजदे की आयतें पढी गई तो जितनी सजदे वाली आयतें होंगी उतने ही सजदे करना होगा। कोई बुलन्द आवाज़ से तिलावत कर रहा हो और दरमियान में सजदा की आयत आजाए तो उसे आहिसता आवाज़ में पढले ताके किसी के सुन्ने में तकलीफ़ न हो या फिर पढने के बाद सुन्ने वालों को बतादें कि मैं ने सजदा की आयत पढी थी आप लोगों ने भी सुनी होगी आप भी सजदा कर लें। सजदा की आयत पढकर या सुनकर फ़ौरन सजदा कर लेना बेहतर है अगर उस वक्त न किया और बाद मे किया तब भी कोई भी हर्ज नहीं है मगर जियादा ताखीर करना मकरुह है (हवाला मसाएले सजदए तिलावत) और सजदे की आयत पढकर या सुनकर सजदा ही न किया तो गुनाह लाज़िम होगा और वाजिब सर पर

रहेगा जबतक सजदा अदा न करले ।

तरीक़ए सजदए तिलावत

सजदए तिलावत का आसान और अफ़ज़ल तरीक़ा यह है कि सजदए तिलावत की निय्यत से क़िबला की तरफ़ मुंह करके सीधा खडा होजाए । बगैर हाथ उठाए हुए और बगैर हाथ बांधे हुए अल्लाहु अकबर कहता हुवा सीधा सजदे में चले जाएँ ओर ३ मर्तबा सजदे की तसबीह पढकर अल्लाहु अकबर कहते हुए सीधा उठ खडे होजाएँ बस सजदए तिलावत अदा हो गया, नमाज़ों की तरह २ सजदे करने की ज़रुरत नहीं ।

तरीक़ए नमाज़े वित्र

वित्र की नमाज़ ३ (तीन) रकअत है जो कि वाजिब

है निय्यत करके हाथ बांध ले और दसतूर के मुताबिक़ बराबर 2 रकअत पूरी करके कायदे में अत्तहिय्यात पढकर तीसरी रकअत के लिए खडे हो तो अलहम्दु ओर कोई भी सूरत पढनेके बाद और रुकूअ में जाने से पहले अल्लाहु अकबर कहते हुए कानों तक हाथ उठाएँ और फिर बांध लें फिर दुआए कुनूत पढकर रुकूअ करें बाकी नमाज़ हस्बे दसतूर पूरी करें।

नोट : दुआए कुनूत का पढना वाजिब है ।

मसअला : अगर दुआए कुनूत पढना भूल जाए तो सजदए सहू करना वाजिब है । दुआए कुनूत का याद करना ज़रुरी है जब तक याद न हो तो यह दुआ पढ लिया करें ।

रब्बना आतिना फिद् दुनिया हासानतवं व फिल आखिरती हासानतवं व क़िना अज़ाबन्नार .

और यह भी याद न होतो

अल्लाहुम्मा मगफीरली तीन मर्तबा पढे। बहवाला इल्मुलफ़िक़ा पेज नंबर 40 जिल्द 3, किताबुल फ़िक़ा जिल्द अव्वल पेज नं.533, बाकी दुआए कुनूत को जल्द अज़ जल्द सीख लें ।

फ़र्ज़ नमाज़

पाँचों वक्त जमात के साथ जो नमाज़ होती है फ़र्ज़ है । इमाम पाँचों वक्त सिर्फ फ़र्ज़ नमाज़ पढाता है अगर किसी की फ़र्ज़ नमाज़ जमाअत से छूट जाए तो वह अपनी तन्हा फ़र्ज़ नमाज़ अदा करे तीन या चार रकअत की अगर निय्यत होतो तर्तीब के मुताबिक 2 रकअत पूरी करे और जब तीसरी और चौथी रकअत पढे तो उसमें सिर्फ अलहम्दु की सुरत पढे । फ़र्ज़ की तीसरी और चौथी रकअत में कोई दूसरी सुरत न मिलाए आंम तौर से लोग उसे भरी हुई और खाली कहते

हैं । खाली से मुराद सिर्फ सूरए फ़ातिहा और भरी हुई से मुराद अलहम्दु के साथ कोई भी सुरत, यह मसअला सिर्फ़ ३ या ४ रकअत वाली फ़र्ज़ नमाज़ का है और वह भी तन्हा अगर पढ रहे हों तब ।

जमाअत से नमाज़ की तरतीब

जब भी जमाअत से नमाज़ अदा करे इमाम के साथ ही अल्लाहु अकबर कहते हुए निय्यत बांध ले और फ़ौरन सना पढकर खामूश हो जाए और इमाम की किरअत गौ़र से सुने कुछ न पढे । इमाम जब वलज़्ज़ॉल्लीन कहे तो आहिस्ता से आमीन कहे और अगर इमाम की किरअत शुरु होने के बाद जमाअत में शामिल हुवा तो सना पढने की ज़रुरत नहीं बलके निय्यत बांधकर किरअत सुन्ने में लग जाए और अगर एक रकअत

या चंद रकअत होने के बाद जमाअत में शामिल हुवा तब भी नियत करके जिस हालत में जमाअत को देखो उसी हालत में मिल जाओ और जमाअत के बाद जब अपनी छोडी हुई रकअत पूरी करने के लिए खडे हों तो सब से पहले सना पढो बाकी नमाज़ हस्बेदसतूर अदा करें । मसाएल हन्फ़ी मसलक के एअतबार से हैं । (बहवाला मसाएले नमाज़ मौलाना रफ़अत क़ासमी) बिस्मिल्लाह बुक डेपो,ज़लगांव खां. से हासिल करें ।

नमाज़े जनाज़ा

जनाज़े की नमाज़ फ़र्ज़े किफ़ाया है जिस का मतलब यह है कि चंद लोग मिल कर भी अगर पढलें तो सब की तरफ़ से फ़र्ज़ अदा हो जाएगा और अगर कोई भी न पढे तो सब गुनहगार होंगे । जनाज़ा की नमाज़ में जितने ज़ियादा लोग होंगे उतनी

ही मय्यत के लिए दुआए मग़फ़िरत होगी लेकिन अफ़सोस है इस बात पर कि बाप की नमाज़े जनाज़ा हो रही है बीवी की नमाज़े जनाज़ा हो रही है तो शवहर और बेटा एक तरफ़ बैठा हुवा है और कहीं बेटे की नमाज़े जनाज़ा हो रही है तो बाप एक तरफ खडा हुवा है कितनी जिहालत है कि घर की मय्यत है और घर वाले ही पूरे के पूरे नमाज़े जनाज़ा में शामिल नहीं हैं। बज़बाने हाल यह कह रहे हैं कि तुम हमारी मय्यत के लिए दुआए मग़फ़िरत करो हम करने को तय्यार नहीं। अफ़सोस सद अफ़सोस।

नमाज़े जनाज़ा के फ़राएज़

जनाज़े की नमाज़ में २ (दो) फ़र्ज़ हैं।

(१) ४ मरतबा तकबीर यानी अल्लाहु अकबर कहना (२) क़याम में खडे होना।

नमाज़े जनाज़ा की सुन्नते :

(१) सना पढना (२ दुरूद शरीफ़ पढना (३) दुआ पढना । बहवाला आइनए नमाज़ आशिके इलाही

नमाज़े जनाज़ा का तरीक़ा

नमाज़े जनाज़ा के लिए हाज़िरीन की तअदाद देख कर तीन, पाँच, सात, ग्यारह सफ़ें बनाई जाएँ और खास तौर से अपने चप्पल या जूते को पैरों से निकालकर अलग कर दें बाज लोग पांव में से निकाल कर उसी पर पांव रख लेते हैं जो कि गलत है और आदाब के खिलाफ़ है । सफ़ें दुरुस्त होने के बाद इस तरह निय्यत करें । निय्यत करता हूँ मैं नमाज़े जनाज़ा पढने की, खास वासते अल्लाह तआला के दुआए मग़फ़िरत मय्यत के लिए पीछे इस इमाम के मुंह मेरा कअबा शरीफ़ की तरफ़ , फिर इमाम ज़ोर से और मुक्तदी

आहिस्ता से तकबीर कहें और दोनों हाथ कानों तक उठाकर नाफ़ के नीचे बांध लें और इमाम व मुक्तदी सब आहिस्ता आहिस्ता सना पढें ।

सुब्हानकल्लाहुम्म व बिहम्दि-क व तबारकस्मु-क त तआला जद्दु-क व जल्ल सनाउ-क वला इला-ह गयरुक.

इस सना में निशान दिया हुवा लफ़्ज़ ज़ियादा है दीगर नमाज़ की सना के मुक़ाबिल ओर यही सना मर्द, औरत, बच्चा सब की नमाज़े जनाज़ा में पहली तकबीर के बाद पढी जाती है । दूसरी तकबीर में बग़ैर हाथ उठाए अल्लाहु अकबर कहें और दुरूदे इब्राहीम पढें और तीसरी तकबीर में बग़ैर हाथ उठा हुए अल्लाहु अकबर कहें और बालिग़ मर्द या औरत का जनाज़ा हो तो यह दुआ पढे ।

अल्लाहुम्मग्फिर लिहय्यिना व मय्यितिना व शाहिदिना व ग़ाइबिना व सग़ीरिना व कबीरिना व ज़-करिना व उन्साना, अल्लाहुम्म मन अह्ययत्हू मिन्ना फ-अहयिही अ़लल इस्लाम, वमन तवफ्फयत्हू मिन्ना फ-तवफ्फत्हु अ़लल ईमान.

फिर चौथी तकबीर में बग़ैर हाथ उठाए हुए अल्लाहु अकबर कहें उस के बाद दोनों तरफ़ सलाम फेरदें नमाज़ से फ़ारिग़ होते ही जनाज़ा उठाकर चलें। नोट : नमाज़ के बाद जनाज़े के सामने हाथ उठाकर दुआ मांगना कहीं भी मनक़ूल नहीं है । दुआ नमाज़ के अंदर हो चुकी हे।(अहकामे मय्यत)

मय्यत नाबालिग़ लड़का

जनाज़ा अगर नाबालिग़ लडके का हो तो तीसरी तकबीर के बाद यह दुआ पढें ।

अल्लाहुम्मज्अल्हा लना फ-रतंव वज्अल्हा लना अजरंव व ज़ुख़रंव वज्अल्हा लना शाफिअतंव व मुशफ्फअह।

मय्यत नाबालिग़ लड़की

जनाज़ा अगर नाबालिग़ लडकी का हो तो तीसरी तकबीर के बाद यह दुआ पढें।

अल्लाहुम्मज्अल्हा लना फ-रतंव वज्अल्हा लना अजरंव व ज़ुख़रंव वज्अल्हा लना शाफिअतंव व मुशफ्फअह।

नोट : नमाज़े जनाज़ा पढने की तर्तीब व तरकीब वही है जो तरीक़ा नमाज़ में बताई गई है। अलबत्ता लडकी और लडके में सिर्फ़ दुआ का फ़र्क़ है जो तीसरी तकबीर के बाद पढी जाती है जैसा कि उपर ज़िक्र कर दिया गया है।

क़ब्रस्तान में दाखिल होने की दुआ

जैसेही क़ब्रस्तान में दाख़िल हो तो यह दुआ पढे

अस्सलामु अलय्कुम या अह्लल कुबूरि
यग़फिरुल्लाहु लना व लकुम अन्तुम
स-लफुना व नह्नु बिल अस्र.

मिट्टी देने की दुआ

मय्यत को कब्र में रखने के बाद दोनों हाथों से पस भर भर कर 3 मर्तबा मिटटी डाले और यह दुआ पढे । पहली बार **मिन्हा खलक़नाकुम** पढ़ें दुसरी बार में **वफीहा नुईदुकुम** और तीसरी बार में **वमिन्हा नुख़रिजुकुम तारतन उखरा**

नोट : आम तौर पर बाज़ जगह मय्यत को क़ब्र में रखने के बाद थोडी थोडी मिट्टी सब लोगों

के हाथ से एक टोकरी में जमा करते हैं उस पर क्या पढते नहीं पढते, वल्लाहु आलम फ़िर वह सब को जमा की हुई मिट्टी मय्यत के सिरहाने डालते हैं जिस को कुल के ढेले कहते हैं इस का कहीं सबूत नहीं. बेअसल बात है ।

नमाज़े ईदैन का तरीक़ा

रमज़ानुलमुबारक की ईद को ईदुलफ़ित्र और बक़र ईद को ईदुलअज़हा कहते हैं । नमाज़े ईदैन अदा करने की बिलकुल आसान तर्तीब व तरकीब, सब से पहले निय्यत इस तरह करें कि निय्यत करता हूँ मैं दो रकअत नमाज़े वाजिब ईदुल फ़ित्र की या ईदुलअज़हा की छः ज़ाएद तकबीरों के साथ पीछे इस इमाम के वास्ते अल्लाह तआला के मुंह मेरा तरफ़ कअबा शरीफ़ के अल्लाहु अकबर

कहते हुए कानों तक हाथ उठाएँ और फिर बांध लें फिर सना पढें फिर उस के बाद अल्लाहु अकबर कहते हुए कानों तक हाथ उठाएँ और नीचे छोडदें इसी तरह दूसरी मर्तबा अल्लाहु अकबर कहते हुए कानों तक हाथ उठाएँ और छोडदें फिर तीसरी मर्तबा अल्लाहु अकबर कहते हुए कानों तक हाथ उठाएँ और बांध लें फिर इमाम सुरए फ़ातेहा और कोई सुरत पढे गौर से सुनते रहें। रुकूअ और सजदा होने के बाद जब दुसरी रकअत के लिए खडे हों तो फिर सुरए फ़ातेहा और सूरत पढने के बाद रुकूअ में जाने से पहले तकबीरें होंगी तो पहली तकबीर में अल्लाहु अकबर कहते हुए कानों ताक हाथ उठाएँ और छोडदें इसी तरह दूसरी तकबीर में अल्लाहु अकबर कहते हुए कानों तक हाथ उठाएँ और छोडदें इसी तरह तीसरी तकबीर में अल्लाहु अकबर कहते हुए कानों तक

हाथ उठाएँ और छोड दें और चौथी तकबीर में बग़ैर हाथ उठाए हुए अल्लाहु अकबर कहते हुए रुकूअ में चले जाएँ । बाकी नमाज़ हस्बे दस्तूर अदा करें। नोट : नमाज़ अदा करने के बाद ईद का खुतबा सुन्ना ज़रूरी है ख़ुतबा के दौरान बातें करना या ख़तबा छोडकर चले जाना यह सब खिलाफ़े शरअ काम हैं इस का ख्याल रखें ।

तकबीरे तशरीक़

اَللّٰهُ اَكْبَرُ اَللّٰهُ اَكْبَرُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاللّٰهُ اَكْبَرُ

اَللّٰهُ اَكْبَرُ وَلِلّٰهِ الْحَمْدُ

अल्लाहु अकबर अल्लाहु अकबर लाइलाहा इल्लल्लाहु वल्लाहु अकबर अल्लाहु अकबर व लिल्लाहील हम्द

इन अलफ़ाज़ का ईदुलफ़ित्र की नमाज़ को जाते हुए आहिस्ता आवाज़ में और इज़ुलअज़हा की नमाज़ को जाते हुए थोडी भीनी भीनी आवाज़ में पढना मुसतहब है (तालीमुलइसलाम) इस के अलावा 9 जिलहज्जा की फ़ज्र से लेकर 13

ज़िलहज्जा की अस्र तक हर फ़र्ज़ नमाज़ के बाद बुलन्द आवाज़ से एक मर्तबा पढना वाजिब है। औरतों के लिए भी वाजिब है मगर औरतें आहिस्ता आवाज़ में पढें।(बेहेश्ती ज़ेवर, तालीमुलइसलाम) तफ़सीली मालूमात के लिए मौलाना रफ़अत साहब की मसाएले ईदैन, बिस्मिल्लाह बुकडेपो जलगांव से हासिल करें। 9823986512

नमाज़े क़सर

मुसाफ़िर के लिए नमाज़े कसर है जो शख्स 48 मील या 72 किलो मीटर के सफ़र के इरादे से निकल पडे और सफ़र 15 दिन के अंदर अंदर का है तो वह ज़ोहर अस्र और इशा की फ़र्ज़ नमाज़ को बजाए 4 रकअत के सिर्फ 2 रकअत पढे और मुक़ीम इमाम के पीछे अदा करे तो पूरी पढे। बाकी तफ़सीली मालूमात के लिए मौलाना रफअत

क़ासमी की मसाएले सफ़र का मुतालआ करें ।

अज़ान के बाद की दुआ :

اَللّٰھُمَّ رَبَّ ھٰذِہِ الدَّعْوَۃِ التَّامَّۃِ وَالصَّلٰوۃِ
الْقَائِمَۃِ اٰتِ سَیِّدَنَا مُحَمَّدَانِ الْوَسِیْلَۃَ
وَالْفَضِیْلَۃَ وَالدَّرَجَۃَ الرَّفِیْعَۃَ وَابْعَثْہُ مَقَامًا
مَّحْمُوْدَا نِ الَّذِیْ وَعَدْتَّہٗ وَارْزُقْنَا شَفَاعَتَہٗ یَوْمَ
الْقِیٰمَۃِ اِنَّکَ لَا تُخْلِفُ الْمِیْعَادَ

मुख़्तसर सीरते पाक

सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम

हमारे पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मक्का मुअज़्ज़मा में पैदा हुए थे । हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का नामे मुबारक मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम है । हमारे नबी

सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के वालिद का नाम अब्दुल्लाह है। हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की वालिदा का नाम बीबी आमेना है। हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की उम्रे मुबारक 63 साल थी। आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम 53 साल मक्का में रहे फिर खुदा के हुक्म से मदीना मुनव्वरा हिजरत फरमाई। 10 साल मदीना मुनव्वरा में रहे। अल्लाह पाक तमाम मुसलमानों की तरफ़ से आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को अपनी शायाने शान बदला नसीब फरमा आमीन और बेशुमार रहमतों और बरकतों के दरवाज़े हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर खोल दे।

आमीन

माँ के पांव तले अगर जन्नत है तो बाप जन्नत का दरवाज़ा है।

कुरबानी की दुआ और तरीक़ए कुरबानी

कुरबानी के जानवर को क़िबला रुख लिटाए उस को पहले से छुरी न दिखाए और अपने दिल में निय्यत करे कि या अल्लाह मैं सच्चे दिल से अपनी तरफ़ से जानवर तेरे नाम पर कुरबान कर रहा हूँ । पस तू अपने फ़ज़्ल से कुबूल फ़रमा आमीन ,
नोट : कुरबानी के जानवर में जो जो शरीक हों वह यही निय्यत करें फिर यह दुआ पढे

إِنِّي وَجَّهْتُ وَجْهِيَ لِلَّذِي فَطَرَ السَّمٰوٰتِ
وَالْأَرْضَ حَنِيفًا وَّمَا أَنَا مِنَ الْمُشْرِكِينَ إِنَّ
صَلَاتِي وَنُسُكِي وَمَحْيَايَ وَمَمَاتِي لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ
لَا شَرِيكَ لَهُ وَبِذٰلِكَ أُمِرْتُ وَأَنَا مِنَ الْمُسْلِمِينَ
اَللّٰهُمَّ مِنْكَ وَلَكَ بِسْمِ اللّٰهِ وَاللّٰهُ أَكْبَرُ.

इन्नी वज्जहतु वजहिया लिल्लज़ी फतरस-समावाती वल अरज़ा हनिफवं व मा अना मिनल मुशरिकीन इन्ना सलाती व नुसुकी व माहयाया व ममाती लिल्लाही रब्बील आलामिन ला शरीका लहु व बी ज़ालिका उमीरतु व अना मिनल मुसलेमीन अल्लाहुम्मा मिनका व लका बिस्मिल्लाही अल्लाहु अकबर .

पढ कर ज़ुबह कर दे ज़ुबह के बाद अपनी तरफ़ से कुरबानी अगर है तो इस तरह कहे

अल्लाहुम्मा तकब्बलहु मिन्नी कमा तकब्बलता मिन खलिलीका व हबीबीका इब्राहीम अलैहिस्सलाम

اَللّٰهُمَّ تَقَبَّلْهُ مِنِّیْ كَمَا تَقَبَّلْتَ مِنْ خَلِیْلِكَ
وَحَبِیْبِكَ اِبْرَاهِیْمَ علیه السلام

और अगर किसी दूसरे के नाम से हो तो लफ़्ज़
مِنِّی की जगह مِنْ फिर नाम ले , फ़लाँ बिन फ़ुलाँ, जिस जिस का नाम हो ।

(बहवाला मौलाना आशिके इलाही,आसान नमाज़)

नोट : अगर हो सके तो खुद अपने हाथ से ज़ुबह करे अगर किसी दुसरे से कराए तो सामने खडे रहे और दुआ करते रहे, छुरी जैसे ही चले तो सब बिस्मिल्लाहि अल्लाहु अकबर कहें । बाक़ी तफ़सीली मालूमात मौलाना रफ़अत क़ासमी की किताब मसाएल कुरबानी में देखें ।

अगर किसी के दिल में अपने लिये मुहब्बत पैदा करना चाहो तो उसको पूरे नाम से पुकारो।

दुआए हमबिस्तरी

जिस वक्त बीवी से हमबिस्तरी करने का इरादा हो तो ये दुआ पढे :

بِسْمِ اللّٰهِ، اَللّٰهُمَّ جَنِّبْنَا الشَّيْطٰنَ وَجَنِّبِ الشَّيْطٰنَ مَا رَزَقْتَنَا۔

बिस्मिल्लाहि, अल्लाहुम्म जन्निब्नश शय्ता-न व जन्निबिश शय्ता-न मा रज़क्तना.

नोट: इस दुआ को सोहबत से पेहले ज़रूर पढना चाहिये क्युंकि हमबिस्तरी के वक्त अल्लाह का नाम न लेने से शैतान का नुत्फा भी मर्द के नुत्फे के साथ अंदर चला जाता है। (कज़ा फी हाशियतुल हिस्न)

चार आस्मानी किताबें

(१) तौरैत हज़रत मूसा (अलै.) पर नाज़िल हुई.

(२) ज़बूर हज़रत दाऊद (अलै.) पर नाज़िल हुई.

(३) इन्जील हज़रत ईसा (अलै.) पर नाज़िल हुई.

(४) कुर्आन शरीफ हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर नाज़िल हुई.

औरतों की नमाज़ का तरीका

नमाज़ पढने का जो तरीका बताया गया उसमें जो भी कुछ पढने का हुक्म मर्द को है वह ही पढने का हुक्म औरतों को भी है, पढनेमें कोई फर्क नहीं है। अल्बत्ता हरकतों में फर्क है, उसे ज़हन में रख कर नमाज़ अच्छी बनाओ। अव्वल नमाज़ के लिये किबले की तरफ मुंह करके सीधे खडे हो जाओ, दोनों पांव बिल्कुल करीब करीब रहें और दोनों अंगूठे बिल्कुल सामने किब्ले की तरफ रहें, पांव फैला कर और तिरछे पांव न करें। निय्यत करने के बाद अपने दोनों हाथ कंधों तक उठाएं, उंगलियां मिली हुई,हथेली किब्ले की तरफ, "अल्लाहु अकबर" केहते हुवे सीने पर हाथ बांध ले. सीधी हथेली बाएं हथेली की पुश्त पर रख्खे. रुकूअ में सिर्फ इतना झुके कि घुटनों तक हाथ पहोंच जाए और उंगलियां मिला कर रख्खे। सजदे कीहालत में पेट रानों से, बाज़ू बगल से मिलाए और कोहनियां जमीन पर टिकी हुई हों और दोनों पांव दाहिनी तरफ निकाल दे। और कअदा में बैठने की हालत में

दोनों पांव दाहिनी तरफ निकाल कर दोज़ानू बैठे। औरतें किसी भी नमाज़ में बलंद आवाज़ से कुर्आन न पढें बल्के आहिस्ता आवाज़ से पढें. (आसान नमाज़ अज़ मौलाना आशिक इलाही)

खल्वते शबे अव्वल

जिस वक्त बीवी के साथ पेहली बार खल्वत करे, पेहली मुलाकात में बात करने से पेहले कहे:

"अस्सलामु अलय्कुम व रह्मतुल्लाह"

"तुम प अल्लाह की सलामती और रहमत हो", फिर औरत की पेशानी और उसके बालों पर हाथ रख कर ये दुआ पढे:

اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ مِنْ خَیْرِهَا وَخَیْرِ مَا جَبَلْتَهَا عَلَیْهِ وَاَعُوْذُبِكَ مِنْ شَرِّهَا وَشَرِّ مَا جَبَلْتَهَا عَلَیْهِ۔ (مشکوۃ ابن ماجہ)

"अल्लाहुम्म इन्नी अस्अलु-क मिन ख़य्रिहा व ख़यरि मा जबल्तहा अलय्हि व अऊज़ु बि-क मिन शर्रिहा व शर्रि मा जबल्तहा अलय्हि."

चार मुकर्रब फरिश्तों के नाम और काम

(१) अव्वल हज़रत जिब्राईल अलैहिस्सलाम जो अल्लाह का पैग़ाम नबियों तक पहोंचाते थे।

(२) हज़रत मीकाईल अलैहिस्सलाम जो बारिश बरसाने और मख्लूक को रोज़ी पहोंचाने का काम करते हैं।

(३) हज़रत इज़राईल अलैहिस्सलाम जो रूह निकालने पर मुकर्रर हैं, इनको "मलकुल मौत" यानी मौत का फरिश्ता भी केहते हैं।

(४) हज़रत इसराफील अलैहिस्सलाम जो कयामत के दिन सूर फूंकेंगे।(तअलीमुल इस्लाम)

खुलफाए राशिदीन

(वो सहाबा जिनको अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने दुनिया ही में जन्नत की बशारत दे दी थी)

(१) हज़रत अबूबकर सिद्दीक (रदि.)

(२) हज़रत उमर बिन खत्ताब (रदि.)

(३) हज़रत उस्मान बिन अफ्फान (रदि.)

(४) हज़रत अली बिन अबी तालिब (रदि.)
(५) हज़रत अबू उबैदा बिन जर्राह (रदि.)
(६) हज़रत जुबैर बिन अवाम (रदि.)
(७) हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ (रदि.)
(८) हज़रत अबू तल्हा (रदि.)
(९) हज़रत सअद बिन अबी वक्कास (रदि.)
(१०) हज़रत सईद बिन ज़ैद (रदि.)

नोट : पेहले चार सहाबा को "खुलफाए राशिदीन" कहा जाता है।